तापमान
अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 19.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 05 मार्च 2024

11 साप्ताहिक कार्यक्रम के समापन के साथ...
12 रामनवमीं, हनुमान व शनि जन्मोत्सव...







## खबर संक्षेप



### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। सरायपाली थाने में प्रार्थी जागेश्वर जायसवाल पिता फिरू राम (38) वार्ड नं. 07 झिलमिला ने आरोपी बिल्लू नाम के युवक पर चेक पोस्ट शिव मंदिर के पास पुरानी रंजिश की बात को लेकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी युवक पर धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### जान से मारने की धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**महासमुंद।** पटेवा थाना अंतर्गत श्याम नगर झलप में एक युवक के साथ तीन लोगों द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी सुनील कुलदीप, राकेश राठौर, महिमा राठौर निवासी झलप ने प्रार्थी रोशन सिंह पिता इंदर सिंह (31) के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मारी, एक घायल

**महासमुंद।** तुमगांव थाना अंतर्गत बोसहत होटल के सामने ट्रैक्टर सीजी 06 एचए 0612 के चालक ने प्रार्थी जितेंद्र यादव पिता घनश्याम यादव (27) निवासी बेलटुकरी के जीजा के छोटे भाई हिरावन की बाइक सीजी 06 जीवाय 9958 को टक्कर मार दिया। जिससे हिरावन को चोटें आई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।




### दो लोगों के पास से महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** सांकरा थाना पुलिस ने महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि परमेश्वर यादव पिता मगन यादव (30) ग्राम जेराभरन के घर से अवैध रूप से महुआ शराब 4000 एमएल कीमत 800 रुपए को जब्त किया है। इसी तरह पिथौरा पुलिस ने जितेंद्र साहू पिता देवीदयाल साहू (37) ग्राम धनोरा के पास से 3000 एमएल महुआ शराब कीमत 600 रुपए को बरामद किया है। अवैध शराब की बरामदगी पर से आरोपियों पर धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट से अपराध कायम कर कार्रवाई किया है।

### शराब बेच रहा युवक गिरफ्तार

**महासमुंद।** सरायपाली थाना पुलिस ने बालसी मोड़ भंवरपुर रोड पर अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहे दिनेश बंजारा पिता शंकर बंजारा (32 ) ग्राम चकरदा निवासी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास रखे 20 पौवा अवैध देशी प्लेन शराब जुमला कीमत 1600 रुपए को बरामद कर धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम किया है।

### शराब पिलाने की सुविधा देने पर कार्रवाई

**महासमुंद।** सांकरा पुलिस ने ठेले मे अवैध रूप से लोगो को शराब पिलाने की सुविधा मुहैया कराते हुए अनिल वासुदेव पिता मोहन (27) निवासी लाखागढ़ को पकडा है। पुलिस ने आरोपी पर धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।

## प्रेसीडेंट इन काउंसिल की बैठक में 16 प्रस्ताव पर लगी मुहर



# सर्व मांगलिक, मंगल एवं टॉऊन हॉल भवन को ठेका पर देगी पालिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पीआईसी की बैठक में शहर के सर्व मांगलिक, मंगल भवन व टाउन हॉल को ठेका पद्धति से दिए जाने का निर्णय पीआईसी की बैठक में लिया गया। सोमवार को नपाध्यक्ष सभाक्षक में पालिकाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग की अध्यक्षता और सभापतियों की उपस्थिति में पीआईसी की बैठक हुई।

बैठक में रखे गए सभी 16 प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित हुए। प्रेसीडेंट इन काउंसिल की बैठक बजट बैठक के पूर्व संपन्न हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 का अनुमानित आय-व्यय (बजट) के संबंध में चर्चा हुई। जाति एवं मूल निवास की उद्घोषणा के संबंध में प्राप्त आवेदनों पर जाति एवं निवास की पुष्टि हेतु प्रस्ताव विचारार्थ एवं निर्णय लिया गया। भवन एवं भूमि नामांतरण के संबंध में विचार एवं निर्णय होने के साथ दुकान नामांतरण के संबंध में विचार एवं निर्णय हुआ। वार्ड समिति द्वारा वार्ड 24 सुभाष नगर स्थित तालाब की देखरेख व रखरखाव करते हुए मछली पालन करने की अनुमति हेतु आवेदन पर विचारार्थ एवं निर्णय किया गया। पश्चात डॉ. भीमराव अंबेडकर सर्व मांगलिक भवन, मंगल भवन एवं टॉऊन हॉल को ठेके पर दिए जाने हेतु किराया का निर्धारण संबंध में विचारार्थ एवं निर्णय लिया गया। साथ ही ग्रीष्म ऋतु में पाईप लाईन मरम्मत कार्य हेतु 10 अस्थायी श्रमिक रखने के संबंध में विचार एवं निर्णय हुआ। ग्रीष्म ऋतु में जलापूर्ति हेतु मोटर पंप सेट एवं सामाग्री क्रय करने के संबंध में विचार एवं निर्णय। वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक अधोसंरचना मद एवं राज्य प्रवर्तित योजना अंतर्गत अप्रारंभ निर्माण कार्य निरस्त किया गया है के संबंध में विचार एवं निर्णय। 15 वें वित्त आयोग मद अंतर्गत बरोंडा चौक से चौपाटी (गुरु गोविंद सिंह उद्यान) तक ट्यूबलर पोल एवं विद्युतीकरण कार्य का अंतिम देयक भुगतान के संबंध में विचार एवं निर्णय। प्रस्ताव 11-15 वें वित्त आयोग मद अंतर्गत शास्त्री चौक से माकड़े दुकान एवं शास्त्री चौक से मुक्तिधाम तक ट्यूबलर पोल एवं विद्युतीकरण कार्य का अंतिम देयक भुगतान के संबंध में विचार एवं निर्णय। वार्ड 29 भाजपा कार्यालय के पीछे कालोनी का नामकरण किए जाने के संबंध में विचार एवं निर्णय। और अन्नपूर्णा पाल सहायक ग्रेड 2 का अर्जित अवकाश के संबंध में विचार एवं निर्णय। यशवंत देवांगन लेखापाल का अर्जित अवकाश के संबंध में विचार एवं निर्णय। महेंद्र जगत भृत्य नपाप महासमुंद के वेतन भुगतान के संबंध में विचार एवं निर्णय। अध्यक्ष द्वारा 9 जनवरी 2024 से 23 फरवरी 2024 तक विभिन्न कार्यों के लिए पीआईसी की प्रत्याशा में दिए गए स्वीकृति की पुष्टि की गई। बैठक में उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर, सीएमओ टॉमसन रात्रे, सभापति बबलू हरपाल, सरला गोलू मदनकार, निखिलकांत साहू, अमन चंद्राकर और डमरूधर मांझी मौजूद रहे।

## कार्रवाई : विस्थापन के लिए भानपुर में जगह का आवंटन, लेकिन हटने को तैयार नहीं

# पुलिस बल की मौजूदगी में अवैध कब्जे पर चली प्रशासन की जेसीबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



स्कूल की जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए गए मकानों पर भारी पुलिस बल की मौजूदगी में सोमवार को प्रशासन की जेसीबी चली। बागबाहरा के शांतिनगर स्थित 23 मकानों को जेसीबी से जमींदोज कर दिया गया। अतिक्रमणकारी और प्रशासन के बीच विवाद और झड़प भी हुई। लेकिन, अतिक्रमण की कार्रवाई शाम तक चलती रहीं। इस बीच गुस्साएं गरीब परिवारों ने एनएच 353 में चक्काजाम भी कर दिया गया। जिन्हें समझाईश देकर फिलहाल नगर पालिका की सांस्कृतिक भवन और टाऊन हॉल में शरण दी गई है। बता दें कि सरस्वती शिशु मंदिर का भवन वार्ड नंबर 3 शांतिनगर में है। स्कूल प्रबंधन ने कुछ वर्ष पूर्व पीछे की जमीन को खेल मैदान के लिए खरीदा था।

लेकिन, कुछ लोगों ने इस जमीन पर झोपड़ी बनाकर रहना शुरू कर दिया। हालांकि, स्कूल प्रबंधन द्वारा इन्हें बार-बार समझाईश देकर हटने को कहा गया। लेकिन, देखते ही देखते यहां पर करीब 30 परिवारों ने ईंट से मकान का निर्माण कर लिया, जिसे जनवरी माह के दौरान नगरपालिका द्वारा अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किया। लेकिन, वे यहां से नहीं हटे। तब कुछ घरों को तोड़ने की कार्रवाई की गई और पीएम आवास के तहत गरीब परिवारों का मकान देने का भी आश्वासन दिया गया। साथ ही विस्थापन के लिए भानपुर में जगह भी दी गई। इसके बावजूद वे मैदान से नहीं हटें। जिस पर जिला मुख्यालय से अतिरिक्त पुलिस बल को बुलाकर एएसपी, अपर कलेक्टर, एसडीएम की मौजूदगी में सोमवार को बेजा कब्जा हटाने की कार्रवाई शुरू की गई।

### गुस्साए अतिक्रमणकारियों ने किया चक्काजाम

जानकारी के मुताबिक अतिक्रमणकारी पूर्व में रेलवे की जमीन पर बसे थे। लेकिन, कुछ वर्ष पूर्व वहां से बेदखल किए जाने के बाद से करीब 15 परिवार वार्ड नंबर 3 शांतिनगर में झोपड़ी बनाकर निवासरत रहे। जिसे हटाने गए प्रशासन और अतिक्रमण कारियों के बीच विवाद भी होती रही। इस बीच गुस्साएं अतिक्रमणकारियों ने एनएच 535 को कुछ समय के लिए चक्काजाम भी कर दिया। बाद समझाईश के बाद चक्काजाम समाप्त कर दिया गया।

### बेजा कब्जा कर बने 23 मकानों को ढहाया गया

नगरपालिका बागबाहरा सीएमओ डीआर बर्मन ने बताया कि स्कूल की जमीन पर बेजा कब्जाधारियों को जनवरी माह से नोटिस दिया जा रहा है। इन्हें विस्थापित करने के लिए तहसीलदार द्वारा भानपुर में जगह भी आबंटित किया गया। लेकिन, वे वहां से हटने को तैयार नहीं हुए। जिसके बाद सोमवार से बेजा कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 23 मकानों को तोड़ा गया। फिलहाल इन परिवारों को सांस्कृतिक भवन और टाऊन हॉल में ठहराया गया है।

## सरायपाली में हुई दो बड़ी चोरियों का खुलासा, 14 लाख से ज्यादा रकम जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



महासमुंद पुलिस द्वारा सरायपाली में हुई दो बड़ी चोरी का खुलासा किया गया। चोरी के वारदात में शामिल दो आरोपियों के कब्जे से 14 लाख 6 हजार रुपए सहित पास बुक एवं आधार कार्ड जब्त किए गए। सरायपाली निवासी दोनों आरोपियों को आदतन अपराधी बताया जा रहा है। चोरी के दोनों प्रकरण में आरोपियों ने शटर का ताला तोड़कर किए।

पहले मामले में प्रार्थी कृष्ण कुमार साहू पिता पुरुषोत्तम साहू (38) निवासी भंवरपुर रोड वार्ड क्रमांक 01 सरायपाली ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके मानस मेडिकल स्टोर से अज्ञात चोर द्वारा दिनांक 2 मार्च की नगदी 15 हजार रुपए एवं दो नग आधार कार्ड चोरी कर लिए हैं। वहीं दूसरे मामले में प्रार्थी प्रवीण अग्रवाल पिता शंकर लाल अग्रवाल (41) निवासी शिव शंकर स्टोर पदमपुर रोड सरायपाली ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 2 मार्च की मध्य रात्रि अज्ञात चोर द्वारा इसके दुकान का शटर तोड़े बिना दुकान में घुसकर इसके गल्ले से 14 लाख रुपए नगद एवं एक नग चेक को चोरी कर लिया है। मामले में धारा 457 380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। इस घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक से मिले निर्देशों के बाद जांच शुरू की गई। थाना प्रभारी सरायपाली, पुलिस स्टाफ एवं साइबर सेल महासमुंद की टीम ने मुखबिर से मिली जानकारी और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों आरोपी . गिरधारी वैष्णो पिता रविशंकर वैष्णव (20) निवासी वार्ड क्रमांक 7 झिलमिला एवं शंकर साहू पिता स्व गणपत साहू (30) निवासी वार्ड क्रमांक 12 बाजार पर सरायपाली को हिरासत में लेकर पूछताछ पर आरोपियों ने अपना अपराध कबूल किया। आरोपियों ने बताया कि 2 मार्च की रात कृष्ण कुमार साहू के मेडिकल स्टोर एवं प्रवीण अग्रवाल के छड़ सीमेंट के दुकान में चोरी किए हैं और चोरी की पूरी रकम बैला बाजार के पास जंगल में छिपा कर रखे हैं। आरोपियों की निशानदेही पर 14 लाख 6 हजार रुपए को जब्त किया गया।

## जांच में 20 स्कूल बसें अनफिट मिली, सुधारने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शनिवार को शहर में संचालित सभी स्कूली बसों का भौतिक परीक्षण पुलिस लाइन परसदा में किया गया। जिसमें जिला मुख्यालय में संचालित 20 स्कूल बसों में 12 बस फिट व 8 बस अनफिट पाई गई। अनफिट स्कूल बसों में शिशु संस्कार केंद्र महासमुंद की 4 बसों में परमिट व वाहन जर्जर होना पाया गया, जिसे तत्काल बनवाने कहा गया। महर्षि विद्या मंदिर के 4 वाहनों के बंद सीसीटीवी कैमरा तत्काल चालू करवाने कहा गया, सरस्वती विद्या मंदिर के 1 स्कूल बस का पॉल्यूशन प्रमाण पत्र खत्म होने से तत्काल पॉल्युशन करवाने कहा गया, साथ ही सभी स्कूल बसों को बताया गया कि बस चालक एवं परिचालक दोनों को वाहन संचालन के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर तत्काल फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन एवं इमरजेंसी डोर का उपयोग करने बताया गया। इसके अलावा स्कूली बसों में आने जाने वाले बच्चों को हमेशा सावधानी के साथ बच्चों को उतारने व चढ़ाने कहा गया। साथ ही स्कूली बसों के संचालन के दौरान शराब सेवन नहीं करने व नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने और हमेशा यातायात नियमों का पालन करने समझाया गया। स्कूल बस भौतिक परीक्षण शिविर में परिवहन कार्यालय से जिला परिवहन अधिकारी राम कुमार ध्रुव एवं स्टॉफ, यातायात महासमुंद से सहायक उप निरीक्षक बिसु निषाद, प्रधान आरक्षक दर्शन सिदार, आरक्षक महेंद्र दीवान, हरीश चंद्राकर एवं रवि बरिहा उपस्थित रहे।

## ओडिशा बार्डर से 42 लाख के चांदी के आभूषण जब्त पुलिस ने आगे की जांच आयकर विभाग को सौंपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

**जिले की पुलिस ने ओडिशा बार्डर के पास चेकिंग के दौरान बड़ी मात्रा में चांदी के आभूषण जब्त किए हैं।**

- **थाना सिंघोड़ा व साइबर सेल की टीम की संयुक्त कार्रवाई, रेहटीखोल नाका में हुई चेकिंग**



मामले में दो लोगों से पूछताछ की जा रही है।

सिंघोड़ा पुलिस ने बताया कि साइबर टीम के साथ मिलकर अंतरराज्यीय नाका से गुजरने वाले वाहनों की जांच की जा रही थी, इसी दौरान 4 मार्च को सिंघोड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत छत्तीसगढ़-ओडिशा बार्डर के चेक पोस्ट रेहटीखोल के पास पुलिस पार्टी ने बरगढ़ ओडिशा की तरफ से एक नीला रंग की मारुति कार को रोककर जांच की।

कार में 02 व्यक्ति बैठे मिले। जिनसे पूछताछ करने पर सही तरीके से जवाब नहीं देने पर वाहन की तलाशी ली गई तो पीछे डिक्की में अलग-अलग बैग रखा हुआ मिला। इससे पुलिस टीम को संदेह हुआ। इसके बाद कार की डिक्की को खुलवाकर चेक किया गया तो इसमें रखे बैग में भारी मात्रा में चांदी के आभूषण मिले।

पुलिस की टीम द्वारा दोनों व्यक्तियों से चांदी की ज्वेलरी के संबंध में दस्तावेज दिखाने को कहा गया तो वे आवश्यक वैधानिक दस्तावेज पेश नहीं कर पाए। तब पुलिस ने करीब 58.480 किलो ग्राम कीमत करीब 42,00,000/- रुपए को जब्त कर थाना सिंघोडा में अपराध/धारा 102 जाफौ के तहत कार्रवाई करते हुए अग्रिम कार्रवाई हेतु आयकर विभाग को सूचित किया गया है।

# शहर में विकास की गाथा लिखेगा यह बजट: नपाध्यक्ष

## नपाध्यक्ष ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 60.51 लाख रुपए के लाभ का बजट पेश किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने सोमवार को शहर विकास के लिए बजट पेश किया। नपाध्यक्ष ने प्रस्तावित बजट में 106 करोड़ 24 लाख 393 सौ रुपए आय और 105 करोड़ 63 लाख 883 रुपए का व्यय के साथ 60 लाख रुपए लाभ का बजट पेश किया।

नपाध्यक्ष ने काले रंग के लेदर बैग में बजट रखा हुआ था। श्रीमती महिलांग ने बजट भाषण देते हुए कहा कि गढ़बो नवा महासमुंद की थीम पर यह छग की विष्णु देव साय की नई सरकार में पालिका का पहला बजट है, जो महासमुंद में विकास की गाथा लिखेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की तरह है भाजपा सरकार से आशा है कि उनके इस बजट में प्रस्तावित कार्यो को पूरा करने में सरकार का भरपूर सहयोग मिलेगा। बाद इंजीनियर दिलीप कश्यप ने बजट में प्रस्तुत विभिन्न विकास कार्यों के जानकारी उपस्थिति परिषद के सदस्यगणों को दी। बजट की एक-एक प्रति बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों को दी गई। बजट बैठक में उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर, सीएमओ टॉमसन रात्रे, सभापति बबलू हरपाल, सरला गोलू मदनकार, अमन चंद्राकर, निखिलकान्त साहू, डमरूधर मांझी, पार्षदों में, रिंकू चंद्राकर, अमन चंद्राकर, मीना वर्मा, प्रीति बादल मक्कड़, हफीज कुरैशी, मनीष शर्मा, राजेश नेताम, देवीचंद राठी, हेमलता यादव, कमला बरिहा, जगतराम महानंद के अलावा सीताराम तेलक, लेखापाल करण यादव, नोशाद बक्श, दिलीप चंद्राकर, गुमान ध्रुव, जितेंद्र महंती, दुर्गेश कुंजेकार सहित अन्य मौजूद रहे।



### वित्तीय वर्ष 24-25 बजट में ये कार्य प्रस्तावित

महासमुंद सिटी के लिए कोर एरिया में सीवेज नेटवर्क और एसोसिएटेड कम्पोनेंट प्रोजेक्ट कार्य -4648.00 लाख में, महासमुंद सिटी हेतु नवीन फुटबाल ग्राउंड निर्माण कार्य-767.00, महासमुंद सिटी हेतु नवीन हाईटेक बस टर्मिनल का निर्माण-657.00, महासमुंद सिटी के कोर एरिया में पिटियाझर से मौहारी भांठा एनएच 353 से होते हुए लिंक रोड निर्माण 3125.00 लाख, स्वच्छ भारत मिशन 20 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 28 गुरु गोविंद सिंह उद्यान में आकांक्षीय शौचालय(6 सीटर) निर्माण कार्य-16.92 लाख, स्वच्छ भारत मिशन 20 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 25 नकुल ढीढी सिंह उद्यान में आकांक्षीय शौचालय (6 सीटर) निर्माण कार्य-16.92, नेहरू चौक से गुरुद्वारा तक विद्युतीकरण ट्यूबलर पोल स्थापना कार्य-47.11 लाख, ओवर ब्रिज तुमगांव रोड प्रवेशद्वार तक विद्युतीकरण ट्यूबलर पोल स्थापना कार्य-45.83, लोहिया चौक से पटिया झाड़ तक विद्युतीकरण ट्यूबलर पोल स्थापना कार्य-83.76 लाख मे, पिटियाझर पानी टंकी से रविदास उद्यान तक विद्युतीकरण दयूबलर पोल स्थापना कार्य-74.79, कंटूरी नाला निर्माण कार्य-2.96, मिनी स्टेडियम में विभिन्न उन्नयन कार्य (बैठक व्यवस्था बिजली, पानी ग्रास)-100.00, संजय कानन उन्नयन कार्य-100.00, मोती गार्डन में सुव्यवस्थित पेंशनरों हेतु बैठक बच्चों हेतु उन्नयन कार्य-50.00 लाख में, सभी उद्यानों का सोदयीकरण कार्य-100.00, आक्सीजोन निर्माण कार्य-300.00, नवीन नगर पालिका भवन निर्माण कार्य-333.33 लाख में

▶▶| शेष पेज 11 पर

### दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने दो पक्षों के बीच हुए मारपीट के मामले मे केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया है कि ग्राम देवलगढ़ में डॉ. तुलसी दास नायक पिता प्रीतम नायक (32) ग्राम पुटकी डोंगरी, बरगढ़ ओडिशा के रहने वाले ने ताम्रध्वज, दिलीप, नरेश, राजाराम के खिलाफ गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी और बाइक को तोड़फोड़ करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस रिपोर्ट पर से धारा 294, 323, 506, 427, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है वहीं दूसरे पक्ष में चरण परमार पिता पोखड़ियि परमार (50) देवलगढ़ ने बालमुकुंद नायक, चंद्रहास नायक, तुलसी नायक, प्रीतक ग्राम पुटकी डोंगरी झारबद बरगढ़ ओडिशा पर घर अंदर गुसकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का एवं डंडे से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराया है। पुलिस ने रिपोर्ट के अधार पर सभी आरोपियों पर धारा 452, 294, 324, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप

### आईटी और सोशल मीडिया के उपयोग की दी जानकारी

**धमतरी।** आईटी सेल की महत्वपूर्ण बैठक भाजपा कार्यालय में हुई। बैठक लेने आईटी सेल प्रदेश सहसंयोजक आदित्य कुरील आये थे। बैठक में आईटी और सोशल मीडिया का उपयोग कैसे करके लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा वोट पाना है, इस विषय पर कार्यशाला लगाई गई। साथ ही नमो एप को ज्यादा से ज्यादा प्रचारित कर लोकसभा चुनाव में इसका सकारात्मक उपयोग करना सिखाया गया। बैठक में भाजपा जिला महामंत्री अविनाश दुबे, जिला संयोजक विनय जैन, सोशल मीडिया जिला संयोजक कमलेश चंद्राकर, जिला मीडिया प्रभारी विनोद पांडे, आईटी सेल विधानसभा प्रभारी अजय गार्डिया, आईटी सेल विधानसभा सहप्रभारी राजीव चंद्राकर, सन्नी असाई, शंकर मानिकपुरी, एसएम विधानसभा प्रभारी जसलीन अजमानी, आईटी सेल शहर मंडल धमतरी संयोजक श्रीमती रितिका यादव, रितेश नेताम, आईटी सेल मगरलोड मंडल संयोजक तामेश्वर साहू, नोकेश्वर ध्रुव, गंगरेल मंडल सहसंयोजक राहुल दास मानिकपुरी, रेमन ध्रुव समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### माताओं ने कुर्सी दौड़ बच्चों ने चित्र पठन में किया कमाल

**धमतरी।** शासकीय प्राथमिक शाला खरतुली में मातृ सम्मेलन एवं अंगना म शिक्षा कार्यक्रम हुआ। मुख्यातिथि रोशनी पवार जनपद सदस्य थीं। अध्यक्षता दिनेश सिन्हा सरपंच ने की। विशिष्ट अतिथि भारत साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, लखनलाल साहू सेवानिवृत शिक्षक मुजगहन, अघनु राम साहू पूर्व सरपंच मुजगहन, लता सिन्हा पंच, पार्वती सिन्हा पंच, चंदूलाल साहू, प्रकाश पवार थे। विद्यालय के प्रधानपाठक दीनबन्धु सिन्हा ने विद्यालय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अतिथियों ने विद्यालय विकास व बच्चों के सर्वांगीण विकास पर अपने विचार रखे एवं विद्यालय में चल रहे नवाचार एवं गतिविधियों की प्रशंसा की। अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के तहत बच्चों के साथ दो गतिविधियां कराई गई। माताओं के लिए कुर्सी दौड़, बच्चों द्वारा चित्र पठन किया गया। कार्यक्रम के समापन समारोह में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अमित तिवारी एवं ललित सिन्हा विस स्त्रोत समन्वयक शामिल हुए। बच्चों ने झांकी प्रस्तुत की। कक्षा पहली और दूसरी के बच्चों द्वारा चार भाषाओं में परिचय प्रस्तुत किया गया। अंत में सभी माताओं, बच्चों, शिक्षिकाओं, द्वारा सुआ नृत्य की प्रस्तुति दी गई कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के बच्चे निहालिक सेन, मीनाक्षी साहू, प्रधानपाठक दीनबन्धु सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में शिक्षिका राजेश्वरी ठाकुर, तारकेश्वरी सोनबेर, कल्याणी ठाकुर, कंचन धुरन्धर, रसोइया, ललिता, ओमेश्वरी, स्वीपर तुलसी का योगदान रहा। मौके पर कन्या स्कूल आमदी की प्रधानपाठिका तृप्तिरानी मंडावी, माध्यमिक शाला से शर्मा मेडम, लालेश सिन्हा, सविता महोबे, हायर सेकेंडरी से गोस्वामी, माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक केशव साहू, देवांगन मेडम, गजेंद्र मेडम, तारम मेडम, प्राथमिक शाला मुजगहन से रसोइया ललिता महाडिक, दुर्गा साहू, कुमारी बाई, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता किरण जगबेड़ा, प्रेमिन नेताम, युवा स्टार समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### डांडेसरा स्कूल के छात्रों ने किया जंगल सफारी का भ्रमण

**डांडेसरा(धमतरी)।** शासकीय प्राथमिक शाला डांडेसरा में कक्षा पहली से पांचवीं तक कुल 28 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। शाला के 26 विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण के तहत शाला की प्रधानपाठिका और शाला विकास समिति के सदस्यों के नेतृत्व में जंगल सफारी, मुक्तांगन एवं शदाणी दरबार पहुंचे। इस दौरान बच्चों एवं पालक सदस्यों ने खूब आनंद लिया। इस अवसर पर शाला की प्रधानपाठिका उर्वशी चन्द्राकर, शिक्षिका शाहनाज बानो, वीणा गजेंद्र, अनीता साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष राजनारायण दीवान, मोनिका साहू, पूर्णिमा कंवर, डामिन कंवर, गायत्री जोशी उपस्थित थे।

परखेगा मापदंड : आगामी दिनों में केंद्र सरकार की मूल्यांकन टीम करेगी भ्रमण

# एनक्यूएएस प्रमाण-पत्र हासिल करने की कवायद में सिविल अस्पताल कुरुद



### पद रिक्तता के बावजूद दे रहे बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

बीएमओ डॉ. यू एस नवरत्न ने बताया कि यहां महिला रोग विशेषज्ञ, सर्जरी विशेषज्ञ, ऐनेथिस्ट, नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ के पद रिक्तता के बाबजूद समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं हितग्राही मूलक योजनाओं के संचालन में निरन्तर प्रगति देखी गई । विकासखण्ड के अन्य स्वास्थ्य संस्था, आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथ.स्वा. केन्द्र तथा उप स्वा. केद्रों में कार्य उपलब्धि उत्कृष्ट रही। कोविड - 19 महामारी के संक्रमणकाल में टीकाकरण का लक्ष्य भी शतप्रतिशत प्राप्त किया। यहां ओपीडी प्रति दिवस 250 से 300 औसत रहती है। संस्थागत प्रसव 78 से बढ़कर 99 प्रतिशत, पूर्ण टीकाकरण 86 से बढ़कर 96 प्रतिशत हो गया है जिसके कारण मातृ मृत्यु दर तथा शिशु मृत्यु दर में की कमी आई है।

### अधीनस्थ स्वास्थ्य केंद्र भी चिन्हांकित

भारत सरकार द्वारा अस्पतालों में सेवाओं की गुणवत्ता निर्धारण करने हेतु संचालित कायाकल्प एवं एन.क्यू.ए.एस योजना में विकासखण्ड में सिविल अस्पताल कुरूद के अतिरिक्त सामु. स्वा.केन्द्र भखारा तथा प्राथ. स्वा.केन्द्र चटौद, नारी, परखंदा तथा 18 आयुष्यमान आरोग्य मंदिर प्रत्येक वर्ष इसमें सम्मिलित होकर उच्चतम अंक प्राप्त कर पुरूस्कृत हो रहे है। आयुष्यमान आरोग्य मंदिर प्राथ. स्वा.केन्द्र चटौद एवं नारी तथा उप स्वा.केन्द्र गाडाडीह को एन.क्यू.ए.एस. के तहत गुणवत्ता पूर्ण सेवा प्रदान करने हेतु भारत सरकार की टीम द्वारा संस्था का मूल्यांकन प्रमाण- पत्र प्रदान किया गया है। वित्तीय वर्ष के लिए सिविल अस्पताल कुरूद के अलावा आयु. आरोग्य मंदिर मरौद, अटंग, मड़ेली को भी उक्त प्रमाण पत्र हेतु चिन्हाकित कर तैयारी की जा रही है।

### मापदंडों को पूरा करने की जा रही मरम्मत




वर्तमान में सिविल अस्पताल कुरूद में सभी सेवाओं के मापदण्ड के अनुरूप आवश्यक अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कर सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। प्रसवोत्तर कक्ष, पैथालॉजी कक्ष का विस्तार, स्टाफ तथा मरीज व परिजन हेतु वाहन पार्किंग जगह की उपलब्धता, ट्रायज क्षेत्र का निर्माण, बायोमेडिकल संग्रहण एवं निष्पादन कक्ष, ओपन नालियों को बन्द किया गया। 20 बिस्तर वार्ड में मरीजों की निजता को ध्यान में रखते हेतु पार्टीशन कराया गया है। मृत शरीर को रखने कक्ष निर्माण से लेकर पुराने भवनों का रंग रोगन किया जा रहा है।

यशवंत गंजीर ⏭ कुरूद

आने वाले कुछ दिनों में केन्द्र सरकार की मूल्यांकन टीम सिविल अस्पताल कुरुद के भ्रमण पर आएगी। यदि केंद्रीय टीम के मूल्यांकन में यह संस्था खरी उतरती है तो इन्हें एनक्यूएसस प्रमाण-पत्र के साथ विकास कार्यों के लिए अतिरिक्त धनराशि मिलेगी। जिस पर खरा उतरने यहां जमकर कवायद की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि 1952 से 6 बिस्तर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में अपना सफर शुरू करने वाला सिविल अस्पताल कुरुद का बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 2006-07 में इसे 30 बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में उन्नयन किया गया। तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री अजय चन्द्राकर ने 2014-15 में इसे 50 बिस्तर सिविल अस्पताल का दर्जा दिलवाया। उन्हीं की बदौलत इस साल के बजट में इसे 100 बिस्तर अस्पताल बनाने की स्वीकृति मिल गई है। लेकिन 70 साल पहले बनी इमारत में यह संस्था आज भी क्षेत्रवासियों की सेहत का ख्याल रखने का काम कर रही है।

# तपोवन सांकरा में महाशिवरात्रि मेला शुरू



- मेले का मुख्य आकर्षण 40 फीट ऊंचा शिवलिंग, थी डी फ्लॉवर आर्ट शिवलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय धमतरी द्वारा 88वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती पर आत्म अनुभूति तपोवन में सात दिवसीय मेला का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन विधायक ओंकार साहू, राजयोगिनी सरिता दीदी ने किया।

इस अवसर पर सरिता दीदी ने कहा कि परमपिता शिव परमात्मा के अवतरण का पर्व महाशिवरात्रि को हम सभी भक्ति भावना के साथ मनाते हैं। इस वर्ष परमात्मा शिव के अवतरण पर्व को 88 वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती के रूप में मना रहे हैं। मेले की जानकारी देते हुए सरिता दीदी ने कहा कि यह मेला 10 मार्च तक संध्या 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक खुला रहेगा। इस मेले का मुख्य आकर्षण 40 फीट ऊंचा शिवलिंग, 3डी फ्लॉवर आर्ट शिवलिंग, द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन, स्वर्ग दर्शन, होलोग्राफिक शिवलिंग हैं। बच्चों के लिए गेम रखे गए हैं।

## कालेज की वार्षिक परीक्षा 5 मार्च से 18 मई तक

**धमतरी।** विश्वविद्यालय ने मार्च-अप्रैल 2024 में आयोजित होने वाली स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं की वार्षिक परीक्षा की समय-सारणी घोषित कर दी है। वार्षिक परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली में प्रातः 8:30 बजे से 11:30 बजे तक बीएससी, बीएससी होमसाइंस, बीसीए, बीकॉम भाग एक, दो, तीन एवं एमए पूर्व, अंतिम अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी की परीक्षाएं होंगी। इसी प्रकार द्वितीय पाली में दोपहर 12:30 बजे से 3:30 बजे तक बीए भाग एक, दो, तीन एवं एमए पूर्व अंतिम संस्कृत ,समाजशास्त्र, इतिहास ,हिन्दी तथा एमएससी पूर्व, अंतिम गणित ,एमकॉम पूर्व, अंतिम की परीक्षाएं होंगी। वार्षिक परीक्षाएं 5 मार्च से प्रारंभ होकर 18 मई तक चलेगी।

## ओबीसी का संवैधानिक अधिकार खतरे में : शत्रुहन सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ के राष्ट्रीय महासचिव एवं ओबीसी संयोजन समिति छत्तीसगढ़ के संस्थापक अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू ने अपने आवास पर पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि राष्ट्रीय व क्षेत्रीय दल गठबंधन बनाकर चाहे कोई भी सियासी चाल चले, इस बार नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा पिछड़े वर्गों को आबादी के अनुसार 52 प्रतिशत हिस्सेदारी (आरक्षण) देने और जातीय जनगणना करवाने के अपने वादे से मुकर जाने का मुद्दा ही आगामी लोकसभा चुनाव का केंद्र बिंदु होगा। ओबीसी के लोग ख़ासकर युवक-युवतियां अब अपने संवैधानिक हकों व स्वाभिमान को प्राप्त करने के एकजुट हैं।

श्री साहू ने आगे कहा कि पिछड़े वर्गों के संवैधानिक अधिकारों में अवैधानिक अड़चने पैदा कर कुचलने का षड्यंत्र किया जा रहा है जिसके कारण देश के विभिन्न राज्यों में लागू आरक्षण नीति में असमानता व खामियों को दूर नहीं किया जा सका है।

# खरतुली स्कूल के छात्रों ने देखा मैत्री बाग

**धमतरी।** शासकीय प्राथमिक शाला खरतुली के बच्चों ने मैत्री बाग भिलाई का शैक्षणिक भ्रमण प्रधानपाठक दीनबन्धु सिन्हा के मार्गदर्शन में किया। शैक्षणिक भ्रमण में बच्चों ने अपने अनुभव को यात्रा वृतांत के रूप में लेखन कार्य किया। अच्छे लेखन को पुरस्कृत किया जायेगा। शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों में पाठ्य गत अनुभव एवं प्रत्यक्ष अवलोकन, पशु पक्षियों एवं पेड़ पौधों के प्रजातियों के



विश्लेषण, जानवरों के खानपान, रहन सहन की समझ, वर्गीकरण, झील फव्वारा, प्राकृतिक दृश्यों का आनन्द, ग्रामीण एवं शहरी परिवेश की समझ, सामूहिकता, सहयोग की भावना, जिम्मेदारी की भावना आदि गुणों एवं क्षमताओं का विकास हुआ। शैक्षणिक भ्रमण में 44 बच्चे एवं शिक्षिका तारकेश्वरी साहू, कंचन धुरन्धर, पूर्व प्रधानपाठक दीपक नेताम, भारत लाल साहू अध्यक्ष शाला प्रबन्धन समिति, तुलसी उइके स्वीपर सम्मलित हुए।

## पेंटिंग में आकांक्षा, भाषण में देविका रही अव्वल



**धमतरी।** बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा शैक्षणिकोत्तर गतिविधि अंतर्गत विविध प्रतियोगिता रखी गई। रंगोली, पेंटिग एवं व्यंजन प्रतियोगिता के अलावा तात्कालिक भाषण एवं परिचर्चा प्रमुख रही। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम टेमेश्वरी, द्वितीय पार्वती एवं तृतीय कुसुम पटेल रही। ऐतिहासिक विषयवस्तु पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम आकांक्षा यादव, द्वितीय पार्वती साहू एवं तृतीय निवृत्ति साहू एवं गुरूजोत सिंग रहे। पारंपरिक व्यंजन प्रतियोगिता में प्रथम आकांक्षा यादव, द्वितीय टेमेश्वरी और तृतीय स्थान पर निवृति साहू रहीं। विद्यार्थियों ने ठेठरी, खुरमा, चौसेला आदि छत्तीसगढ़ का पारंपरिक व्यंजन बनाकर पाक-कला का परिचय दिया। तात्कालिक भाषण में देविका ने नरवा, गरवा, घुरूवा और बारी पर अपना विचार व्यक्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय गुरूजोत सिंग खालसा एवं तृतीय टेमेश्वरी सिन्हा रहीं। परिचर्चा का विषय स्वतंत्रता आंदोलन में स्व. बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव का योगदान था। इस विषय पर देविका साहू प्रथम, प्रीति द्वितीय और तृतीय स्थान पर गुरूजोत सिंह खालसा रहे। निर्णायक रीता लकरा सहायक प्राध्यापक, भीखम सिंह साहू, निशा तिवारी थे। इस आयोजन में विभागाध्यक्ष डॉ. हेमवती ठाकुर, सहायक प्राध्यापक कृष्ण कुमार देवांगन, अतिथि व्याख्याता डॉ. जितेन्द्र मानकर एवं विभाग के छात्र-छात्राओं का योगदान रहा।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं



**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी ने कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों एवं जनसामान्य से मुलाकात कर उनकी शिकायतें एवं समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनी। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर सुश्री गांधी ने प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को जनदर्शन में शासन की योजनाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करने के भी निर्देश दिए। जनदर्शन में डबरी निर्माण, भूमि विवाद, मानदेय दिलाने, उज्जवला योजना का लाभ दिलाने, अनुकम्पा नियुक्ति प्रदाय करने, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, भूमि का रकबा एवं नाम सुधारने, सोलर प्लेट लगाने, न्याय योजना का लाभ दिलाने, दिव्यांग, विधवा, वृद्धावस्था पेंशन प्रदाय करने, वेतन भुगतान कराने, शौचालय मरम्मत कराने, प्रधानमंत्री आवास दिलाने संबंधी कुल 125 आवेदन प्राप्त हुए।

## अधमरहा समाज में फैली कुरीतियों के प्रबल विरोधी थे

- संगम साहित्य एवं सांस्कृतिक समिति ने दी नोहर लाल को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



संगम साहित्य एवं सांस्कृतिक समिति मगरलोड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नोहर लाल साहू को श्रद्धांजलि अर्पित करने संगम सदन कार्यक्रम रखा गया । साहित्यकारों ने स्व. नोहर लाल साहू अमरहा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से बात कही। अधमरहा के अभिन्न मित्र ठेकला निवासी कवि पल्टन राम साहू ने बताया कि अधमरहा समाज में फैली भ्रांतियों, अंधविश्वासों व कुरीतियों के प्रबल विरोधी थे। इनकी रचनाओं में भी इनके विरोधी स्वर सुने जा सकते हैं। धौराभाठा निवासी गीतकार अशोक साहू ने कहा कि अधमरहा जी का जीवन हम सब सबके लिए प्रेरणादायी है। करेली छोटी निवासी कवयित्री उषा किरण निर्मलकर ने कहा कि उनकी कमी सदैव बनी रहेगी। डाभा निवासी साहित्यकार चिंताराम सिन्हा पुजारी ने कहा कि संगम साहित्य समिति की प्रगति में स्व. नोहर लाल साहू का योगदान भुलाया नहीं जा सकता। आमाचानी निवासी वरिष्ठ साहित्यकार लीलू दास मानिकपुरी ने कहा कि वे सदैव हमारे लिए प्रेरणापुंज बने रहेंगे। संगम साहित्य के अध्यक्ष पुनूराम साहू ने कहा कि संगम के कार्य को संपादित करने में वह मेरे दाहिने हाथ की भूमिका निभाते रहे। उनके बल पर बड़ा से बड़ा कार्य सरलता पूर्वक संपन्न हो जाता था। संगम समिति के संरक्षक खैरझिटी निवासी जेआर साहू ने उनकी स्कूली पढ़ाई भले ही कम थी लेकिन भाव व शब्दों को बारीकी से समझते थे। संगम की निरंतरता और प्रतिष्ठा को बढ़ाना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए संगम समिति के सचिव आत्माराम साहू ने कहा कि मरणोपरांत देहदान कर समाज की कई भ्रांतियों को तोड़कर अपनी कृतियों और कर्मों के साथ वे मरकर भी हमारे दिलों में जीवित रहेंगे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में लालेश्वर सिन्हा, तामेश्वर ठाकुर, विरेंद्र सरल, अशोक कुमार ध्रुव, भोलाराम सिन्हा, पुरुषोत्तम मारकंडे, भास्कर वर्मा, भोपालमणि साहू, श्रीमती अनीता गौर, द्रोण कुमार ध्रुव, संतु राम साहू, कामता प्रसाद, जुबेर जिलानी, लिखेश्वर साहू ,चंद्रहास बघेल, भागवत राम खरे ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### खम्हरिया में बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा

**सांकरा।** ग्राम पंचायत खम्हरिया में स्वास्थ्य विभाग व्दारा चलाए जा रहे पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 वर्ष से 5 वर्ष के बालक- बालिकाओं को आंगनबाड़ी में पोलियो की दवाई पिलाई गई। इस अवसर पर उपसरपंच पूर्णेन्द्र साहू, नर्स किरण साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता महेश्वरी साहू, उषा कश्यप, मितानिन लक्ष्मी कश्यप, सुशीला नेताम, उर्मिला रात्रे, गोपी साहू, ज्ञानू साहू, गणपत समेत अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

एकजुटता से ही समाज का विकास : महापौर विजय देवांगन

# महिमासागर वार्ड में सामुदायिक भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी




महिमा सागर वार्ड स्थित दानीटोला वार्ड साहू समाज भवन में महापौर निधि एवं पार्षद निधि से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण मुख्य अतिथि विजय देवांगन महापौर ने किया। अध्यक्षता मदन साहू अध्यक्ष दानीटोला परिक्षेत्र ने की। विशिष्ट अतिथि अवनेंद्र साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ धमतरी, रोहित कुमार साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज शहर धमतरी, श्रीमती चंद्रभागा साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू समाज शहर धमतरी, रामकुमार साहू सचिव तहसील साहू समाज शहर धमतरी, एमआईसी सदस्यगण राजेश ठाकुर, कमलेश सोनकर, राजेश पाण्डेय, केंद्र कुमार पेंदरिया, नीलू पवार मराठापारा वार्ड पार्षद, दीपक सोनकर महिमा सागर वार्ड पार्षद, अज्जू देशलहरे दानीटोला वार्ड पार्षद, विमल साहू उपाध्यक्ष दानीटोला परिक्षेत्र, रंजना साहू उपाध्यक्ष दानीटोला परिक्षेत्र थे। तहसील साहू समाज शहर धमतरी के सचिव डॉ. रामकुमार साहू ने प्रतिवेदन वाचन किया। रामकुमार साहू ने बताया कि भवन निर्माण के लिए पूर्व अध्यक्ष डेरहा राम साहू के अध्यक्षीय कार्यकाल में पांच डिसमिल जमीन खरीदी गई। जमीन खरीदी के लिए समाज के पास पर्याप्त धन नहीं होने के कारण समाज के अंतिम व्यक्ति एवं दानदाताओं के विशेष आर्थिक सहयोग से जमीन खरीद पाना सम्भव हुआ। उन्होंने समाज के पूर्व पदाधिकारी स्व.बेदू राम साहू, शिव कुमार साहू, डोमार साहू, स्व.जीवनलाल साहू, भुवन साहू को याद करते हुए उनके प्रति साधुवाद ज्ञापित किया। पार्षद निधि से दीपक सोनकर ने टाइल्स फर्शीकरण का कार्य करवाया है। तहसील साहू समाज शहर धमतरी के अध्यक्ष रोहित कुमार साहू ने महापौर विजय देवांगन एवं पार्षद दीपक सोनकर के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। मुख्य अतिथि श्री देवांगन ने मातृशक्तियों की उपस्थिति की सराहना करते हुए समाज की एकजुटता पर हर्ष व्यक्त किया एवं आगामी कार्यकाल में दानीटोला वार्ड समाजिक भवन को एसी से सुसज्जित कराने का वादा किया। वार्ड पार्षद दीपक सोनकर ने भी भविष्य में सहयोग की बात कही। वार्ड अध्यक्ष कोमल साहू एवं सचिव संगम कुमार साहू ने आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। संत माता कर्मा की खिचड़ी प्रसादी का वितरण किया गया।

## पल्स पोलियो अभियान...



**धमतरी।** जिला अस्पताल में बच्चों को पल्स पोलियो की दवाई पिलाई गई।

## खबर संक्षेप



### खरोरा में माता जानकी जयंती मनाई गई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में माता जानकी जयंती के अवसर पर माता जानकी की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर मितानिन कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि माता जानकी जयंती इस साल 4 मार्च को मनाई गई और माता सीता की विवाह प्रभु राम के साथ हुआ था। जानकी या सीता जयंती दिन कई महिलाओं ने घर परिवार की सुख-शांति और पति की लंबी उम्र के लिए भगवान राम और माता सीता की पूजा अर्चना करते हैं और सभी मनोकामनाओं पूरी होती है।

### बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा

**कोमाखान।** ग्राम पंचायत कोमाखान के आश्रित ग्राम लुकूपाली के आंगनबाड़ी केंद्र में 94 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। इस अवसर पर बच्चों को दवा पिलाने के अलावा उनका वजन एवं ऊंचाई भी मापा गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अमृता उपाध्याय के अलावा मितानिन उमा सोनी, उषा देवांगन का सहयोग रहा। कार्यकर्ता संध्या यादव एवं शहनाज (रानी) ने अपनी सेवाएं दी।

### प्रदेश के पूरे 11 सीटों सहित 400 का आंकड़ा पार करेगी भाजपाः राजू

**महासमुंद।** महासमुंद संसदीय क्षेत्र से जिलाध्यक्ष श्रीमती रूपकुमारी चौधरी को प्रत्याशी बनाए जाने पर भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य राजू बाघमारे ने कहा कि इससे कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।



भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता पूर्ण जोश व उत्साह से भाजपा प्रत्याशी को जिताने संकल्पित हैं। बाघमारे ने बताया कि जनसंघ के समय साल 1975 में महासमुंद संसदीय क्षेत्र से महिला को प्रत्याशी बनाया गया, उसके बाद इस बार फिर नारी शक्ति को नेतृत्व का अवसर प्रदान किया गया है। नारी सशक्तिकरण व गांव, गरीब, किसान, युवा हर वर्ग के हित में किए जा रहे कार्यों के बल पर भाजपा 400 सीटों के आंकड़े को पार करेगी।

### गौ तस्करी के विरोध में कलेक्टोरेट घेराव आज

**महासमुंद।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा महासमुंद जिले में चल रहे गौ मवेशी बाजार बंद करने व गौ तस्करी के विरोध में महासमुंद के कलेक्टर का घेराव किया जाएगा। जिसमें जिले के सभी हिंदू जनमानस, गौ प्रेमियों एवं सनातनियों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में 5 मार्च सुबह 11 बजे लोहिया चौक महासमुंद में उपस्थित होकर कलेक्टर ऑफिस का घेराव को सफल बनाएं। उक्त जानकारी विश्व हिंदू परिषद महासमुंद के जिला संयोजक ईवन साहू ने दी है।

### विद्यार्थियों की गणितीय व भाषाई कौशल की जांच

**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल अंतर्गत संकुल केन्द्र कोदापाखा के प्राथमिक शाला क्वाचीकटेल मे 04 मार्च को एफएलएन सामाजिक अंकेक्षण किया गया। भारत सरकार की निपुण भारत अभियान के तहत 2026-27 तक कक्षा 1 पहली, दूसरी, तीसरी के बच्चों को मूलभूत, भाषाई एवं गणितीय कौशल मे दक्ष करने का अभियान चल रहा है। इसी तहत प्राथमिक शाला क्वाचीकटेल में मूलभूत भाषाई एवं गणितीय कौशल के विद्यार्थी सूचकांक के आधार पर समुदाय के समक्ष एफ एल एन कौशल की जांच की गई।

---

**आयोजन :** पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर अनेक कार्यक्रम हुए

# साप्ताहिक कार्यक्रम के समापन के साथ हुआ पुरस्कार वितरण भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद




छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर व राष्ट्रीय विज्ञान एवं संचार परिषद नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल के निर्देशन में एवं भौतिकशास्त्र विभागाध्यक्ष तथा इस कार्यक्रम के संयोजक प्रो मनीराम धीवर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह साप्ताहिक कार्यक्रम 26 फरवरी से 4 मार्च तक आयोजित की गई थी। 4 मार्च को इस कार्यक्रम का समापन हुआ। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल थी। अध्यक्षता विज्ञान संकाय प्रभारी व रसायनशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो करुणा दुबे ने की। कार्यक्रम की शुरुआत में संयोजक मनीराम धीवर द्वारा सप्ताहभर के कार्यक्रम का विस्तृत प्रतिवेदन पठन किया गया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि महान भौतिकशास्त्री सर सीवी रमन के द्वारा किए गए खोज रमन प्रभाव की याद में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्या ने अपने उद्बोधन में कहा कि अभी यह कार्यक्रम 7 दिवस का था आने वाले नए वर्ष में 15 दिनों का यह आयोजन किया जाएगा।

साप्ताहिक कार्यक्रम के प्रथम दिवस में 26 फरवरी को पीपीटी प्रतियोगिता, द्वितीय दिवस में 27 फरवरी को भाषण प्रतियोगिता, तृतीय दिवस में 28 फरवरी को वाद-विवाद प्रतियोगिता के साथ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। चतुर्थ दिवस में 29 फरवरी को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पंचम दिवस में 1 मार्च को व्याख्यान प्रतियोगिता, षष्ठम दिवस में 2 मार्च को साइंस विथ फन प्रतियोगिता तथा अंतिम दिवस में 4 मार्च को पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कर इस कार्यक्रम का समापन किया गया। सभी प्रतियोगिताएं साइंस के थीम पर आधारित था। विभिन्न प्रतियोगिताओं में क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मंचस्थ अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र और मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में विज्ञान संकाय के प्राध्यापकों द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें भी सम्मानित किया गया। तत्पश्चात विज्ञान के सभी प्राध्यापकों को भी इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सभी प्रतियोगिताओं में विज्ञान संकाय के समस्त स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सबसे ज्यादा क्विज में कुल 73 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

विज्ञान संकाय के अंतर्गत कुल 6 विभागों के द्वारा अलग-अलग दिवस एक-एक प्रतियोगिता आयोजित की गई। विज्ञान संकाय के अलावा आर्ट्स, कॉमर्स के प्राध्यापकों ने भी इस साप्ताहिक कार्यक्रम में अपना अमूल्य योगदान दिया। प्रो मनीराम धीवर, प्रो करुणा दुबे सहित विज्ञान के समस्त प्राध्यापकों का इस कार्यक्रम के आयोजन में विशेष एवं सराहनीय योगदान रहा। इस समापन अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ रीता पांडे, डॉ मालती तिवारी, डॉ नीलम अग्रवाल, प्रो सी खलखो, डॉ ईपी चेलक, प्रो अजय कुमार राजा, प्रो दिलीप बढ़ई, प्रो अजय देवांगन, प्रो प्रदीप कन्हेर, प्रो प्रियंका चक्रधारी, प्रो जगदीश सत्यम, अंजन भोई, गौरव कुमार सोनी, दीप्ति पटेल, नम्रता तम्बोली, जीवन लाल साहू, रेशमा वर्मा, टीकम साहू, पूजा यादव सहित विज्ञान संकाय के समस्त अधिकारी, प्राध्यापक, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# गोठान समिति की महिलाओं ने मांगा रोजगार, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर एवं महिला विंग के जिलाध्यक्ष नीलम ध्रुव के नेतृत्व में विभिन्न गांवों के बंद पड़े गोठानों के महिला समिति की महिलाओं ने महासमुन्द कलेक्टर प्रभात मलिक के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी पीड़ा व्यक्त किया।

उन्होंने बताया पिछले नवंवर माह से गोठानों में गोबर खरीदी बंद है,और उसके पहले का जो गोबर खरीदी हुई है उसका खाद बनके धूप में सूख जा रहा है। खाद बनकर गोठानों में डंप है, उनकी खरीदी नहीं की जा रही है। खाद बनाने में समिति के महिलाओं ने अपना श्रम और पैसा लगाया हुआ है, जो कि हम बेरोजगार महिलाओं को भारी पड़ रहा है, इससे हम महिलाओं को भारी परेशानी हो रही है। क्योंकि, हम सब जितने दिन काम करने गोठानों में गई है उसका भरपाई कौन करेगा इसका अता पता नहीं है। कई जगह में तो महिलाओं को दो-दो साल तक पैसा ही नहीं मिला है, ऐसे में ये महिलाएं क्या करेंगी, रोजगार के नाम पे सिर्फ महिलाओं से छल किया जा रहा है। सरकार बदलते ही सारे गोठानों को बंद कर दिया गया है। हम सब महिलाओं की प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय से यह मांग है कि जल्द से जल्द इन खादों को खरीद कर एवं पूर्व के भुगतानों को पूर्ण कर गोठानो का कार्य शुरू किया जाए या फिर इन गोठानों का सदुपयोग करते हुए कोई दूसरा रोजगार हम महिलाओं को प्रदान करें। जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर ने कहा यदि गोबर खरीदी में घोटाला हुआ है तो सरकार इसकी तत्काल जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करें, लेकिन इसकी सजा इन महिलाओं को न दें, इन गोठानों पर सरकार का भारी पैसा लगा हुआ है, सरकार चाहे तो इन गोठानों का सदुपयोग कर इनके माध्यम से नए नए रोजगार उत्पन्न कर सकती है तथा इन महिलाओं को रोजगार दे सकती है। उन्होंने आगे कहा जो किसान या गौ पालक पहले इन गोठानों मे गोबर बेचा करते थे उनका नियमित आय का साधन ख़त्म हो चुका है। सैकड़ों किसानों को पूर्व में बेचे गए गोबर का भुगतान तक नहीं हुआ है, अधिकारी जवाब तक नहीं दे रहें है। ज्ञापन सौपने वालों में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर, जिलाध्यक्ष महिला विंग नीलम ध्रुव, जिला उपाध्यक्ष राकेश झाबक, जिला उपाध्यक्ष महिला विंग मेघा चंद्राकर, हेमलाल साहू, इमरान खान, सीता दीवान, फूलमत ध्रुव, रेणुका ध्रुव, तमेश्वरी ध्रुव, बैशाखीन बाई, सावित्री ठाकुर, दुलारी बाई, ज्योति ध्रुव, गीता ध्रुव, भारती ध्रुव, विमला साहू, हिरमोतिन साहू आदि मौजूद रहे।

# नवीन अशासकीय महाविद्यालय प्रारंभ करने टीम ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय रायपुर के निर्देशन में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के सराईपाली के पास स्थित ग्राम चट्टीगिरोला में नवीन अशासकीय महाविद्यालय प्रारंभ होने के लिए बायो, कला एवं पीजीडीसीए पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए उक्त निरीक्षण टीम गठित किया गया।

जिसमें संयोजक के रूप में डॉ अमिताभ बैनर्जी प्राचार्य जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर से, अग्रणी महाविद्यालय महासमुंद से सदस्य के रूप में डॉ अनुसुईया अग्रवाल प्राचार्य, डॉ आरके अग्रवाल सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र, प्रदीप कन्हेर सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र, डॉ अजय कुमार देवांगन सहायक प्राध्यापक कंप्यूटर एप्लीकेशन, दिलीप बढ़ाई सहायक प्राध्यापक भूगोल, प्रियंका चक्रधारी सहायक प्राध्यापक जंतु विज्ञान द्वारा किया गया। वहां के नवनिर्मित भवन,कक्षाएं, प्रयोगशाला, खेल मैदान, पार्किंग एरिया आदि का निरीक्षण किया गया।

जिसमें सत्र 2024-25 में शिक्षण सत्र प्रारंभ करने के लिए निरीक्षण प्रतिवेदन दिया गया। नवीन महाविद्यालय में इस वर्ष से बीए प्रथम वर्ष, बीएससी प्रथम वर्ष (बायो), पीजीडीसीए आदि की कक्षाएं संचालित करने के लिए निरीक्षण किया गया।

# केंद्रीय करों में राज्यांश की राशि मिलने पर वाहवाही लूट रहे भाजपाई

## कोल रायल्टी में पेनल्टी का छत्तीसगढ़ के हिस्से का 4140 करोड़ केंद्र ने दबाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 2003 से 2018 (15 वर्ष) तक जिसकी सरकार रही, उसने सिर्फ प्रदेशवासियों का शोषण किया। उक्त 15 वर्षों में विकास का कोई कार्य नहीं हुआ। जबकि, छत्तीसगढ़ की कोयले से पूरा देश रौशन होता है। लेकिन, छत्तीसगढ़ को अंधेरे में रखा गया। केंद्र द्वारा सरकार राज्य की कोयला रायल्टी मद का बकाया 4140 करोड़ रोककर रखा गया। इसके अलावा राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में केंद्रीय बलों की तैनाती का 12 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि प्रदेश को नहीं मिली। पूर्ववर्ती कांग्रेस कार्यकाल के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उक्त राज्यांश के लिए अनेक दफे प्रधानमंत्री को पत्राचार किया तथा प्रदेश के हक का पैसा शीघ्र प्रदान करने की मांग की। लेकिन, मोदी सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंगी।



उक्त राशि एकमुश्त छत्तीसगढ़ को मिल जाती तो राज्य के विकास में उपयोगी साबित होता। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार द्वारा कोई सहयोग नहीं मिलने के बाद भी छत्तीसगढ़ का विकास निर्बाध रूप से कराया। गांव, गरीब, किसान, युवा हर वर्ग के लिए योजनाएं बनाकर उन्हें लाभान्वित किया। चंद्राकर ने कहा कि आज जब केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय करों में राज्यांश में से छत्तीसगढ़ के हिस्से का 4842 करोड़ का किस्त जारी की गई है तब भाजपा नेताओं द्वारा वाहवाही लूट रहे हैं। उन्होंने कहा कि संघीय ढांचे के तहत केंद्रीय करों में राज्यांश राज्यों का अधिकार होता है कोई एहसान नहीं। नक्सलवाद पर श्रेय की राजनीति लेने वाले भाजपा नेताओं को बताना चाहिए कि केंद्रीय बलों की तैनाती का 12 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि तथा कोल रायल्टी में पेनल्टी का छत्तीसगढ़ के हक का पैसा 4140 रूपए प्रदेश को कब मिलेगा?

चंद्राकर ने कहा कि श्रेय की राजनीति करने वाले भाजपा नेता दावा कर रहे हैं कि पिछले 10 साल के मोदी कार्यकाल में अभी जारी हुए 4842 करोड़ की राशि को मिलाकर कुल 3 लाख 70 हजार करोड़ रूपए प्रदेश को मिला है। लेकिन, भाजपा नेता ये नहीं बता रहें कि इससे तीन गुना अधिक राशि छत्तीसगढ़ से केंद्र की मोदी सरकार ने विगत 10 वर्षों में वसूला है। छत्तीसगढ़ उत्पादक राज्य है। यहां स्टील और सीमेंट के अग्रणी उत्पादन के साथ ही वन और खनिज संपदा की भरमार है। कोयला, आयरनओर, बाक्साइट और टिन जैसे बहुमूल्य खनिजों का दोहन केंद्र की मोदी सरकार छग से करती है। चंद्राकर ने कहा कि मोदी सरकार ने विगत 10 वर्षों में छत्तीसगढ़ से करीब साढ़े 9 लाख करोड़ से अधिक की राशि वसूली है।

तीन गुना अधिक प्राप्ति के लिए छत्तीसगढ़ का आभार जताने के बजाय भारतीय जनता पार्टी के नेता विगत 10 वर्षों में मात्र 3 लाख 70 हजार करोड़ देने का अहसान जता रहे हैं।

# कलेक्टर जन चौपाल में मिले 40 आवेदन

**महासमुंद।** कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देश पर कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल कार्यक्रम में अपर कलेक्टर निर्भय साहू एवं डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा ने जिले के विभिन्न स्थानों से आए लोगों से उनकी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदनों पत्रों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को निराकरण के लिए निर्देश दिए। जन चौपाल में 40 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। जन



चौपाल में महासमुंद के राजेंद्र कुमार उइके ने स्थायी जाति प्रमाण पत्र बनाने, ग्राम तोरला के मनीराम यादव ने अवैध कब्जा को हटाने आवेदन सौंपा। इसी तरह ग्राम खम्हरिया के जगन्नाथ पटेल ने वन अधिकार पट्टा के लिए, ग्राम बलौदा के पूर्णचंद भोई ने सीमांकन के लिए तथा ग्राम गिरना के देवानंद भोई ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास के लिए आवेदन दिए। इसी तरह अन्य आवेदकों ने भी अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन सौंपे।

### लोकसभा निर्वाचन 2024: जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति गठित

महासमुंद। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के दिए गए निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक द्वारा जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) का गठन किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक एमसीएमसी समिति के अध्यक्ष होंगे। समिति में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर 39-सरायपाली एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ओंकारेश्वर सिंह, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर 40-बसना एवं अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर 41-खल्लारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सृष्टि चंद्राकर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर 42-महासमुंद एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उमेश कुमार साहू, जिला जनसंपर्क अधिकारी पोषण कुमार साहू एवं स्वतंत्र नागरिक, निदान सेवा समिति के अध्यक्ष सुरेश शुक्ला समिति सदस्य होंगे। गठित समिति टीवी चैनलों, केबल, नेटवर्कों, रेडियो चैनलों, सोशल मीडिया, वेबसाइट सहित इंटरनेट आधारित समस्त मीडिया, ई-पेपर, फोन पर बल्क एसएमएस/वॉयस मैसेज व सार्वजनिक स्थानों पर श्रव्य-दृश्य प्रदर्शन के माध्यम से राजनीतिक दलों व संगठनों के विज्ञापन प्रसारण संबंधी आवेदनों के लिए प्रमाणन व अनुमति पर विचार करेंगे।

# गांवों में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



खल्लारी विधानसभा के वनांचल ग्राम द्वारतला कला एवं भालूचुवा में 10 लाख के सीसी रोड का भूमिपूजन अलका चंद्राकर प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा के मुख्य अतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर अलका ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय सरकार आने के बाद मोदी की गारंटी के साथ सभी वादे पूरे हो रहे हैं। अब हमें खल्लारी के विकास के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। गांव गरीब, किसान, मजदूरी युवा महिला के सर्वांगीण विकास के लिए भाजपा सरकार कृत संकल्पित है। सीसी रोड बन जाने से ग्रामवासियों को सुविधा होगी। ग्राम की समस्या को लेकर एक कार्ययोजना बनाने की बात कही। 8 मार्च को महतारी वंदन के तहत महिला बहनों को 1000 प्रति माह एवं 12 मार्च को धान के शेष राशि 970 रुपया प्रति एकड़ मिलने की घोषणा से सभी उत्साहित है। सभी जनमन मोदी को पुनः प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं एवं महासमुंद के लोकसभा भाजपा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी को जिताने के लिए संकल्प लिए हैं। इस अवसर पर सरपंच भूखन सिन्हा, अंजोर सिंह ठाकुर, माधव माझी, बलराम सिन्हा, नरेश ठाकुर, कमल सिंह, राजकुमार ठाकुर, मोतिहारी ठाकुर, हीरा बरिहा, मोहन सागर, नंदू सोनी, हेमलाल चंद्राकर, चंद्रशेखर ध्रुव, शेखर चंद्राकर, बिसाहिन साहू, राजकुमारी ध्रुव, तारिणी कुलदीप आदि मौजूद रहे।

# किड्स एजुकेशनल स्कूल में सम्मान समारोह हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बसना



किड्स एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन इंग्लिश मीडियम स्कूल बंसुला में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि महंत लखन मुनि प्राचीन कबीर कुटी तरेकेला, अध्यक्षता आरके दास, विशिष्ट अतिथि एचके भोई, डॉ मनीष भारद्वाज एवं मनहरण सोनवानी थे। समस्त अतिथियों का स्कूल स्टाफ द्वारा बुके से सम्मान किया गया। आरके दास ने संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं, इनकी जवाबदारी आप लोगों की है इनको आगे बढ़ाना है। समस्त अतिथियों ने जो इस स्कूल के लिए सहयोग कर रहे हैं और करते आ रहे हैं उनको भी धन्यवाद दिए।

डॉ मनीष भारद्वाज ने कहा कि सभी बच्चों को सुबह उठकर नहा धोकर स्कूल आना है और बहुत ही कम समय बचा है परीक्षा के लिए उसकी तैयारी करना है और बाहरी खानपान को ध्यान में रखें। महंत लखन मुनि ने संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल स्टाफ का बहुत ही दायित्व है और हम आशा और विश्वास करते हैं कि अपनी दायित्वों का निर्वहन पूर्ण रूप से करेंगे और बच्चों का विकास में सहयोग प्रदान करें। तत्पश्चात 26 जनवरी में खेलकूद प्रतिभाओं का शील्ड एवं पुरस्कार से सम्मान किया गया। जिसमें बेस्ट स्टूडेंट आफ ईयर लालिमा भोई कक्षा सातवीं को दिया गया एवं विनायक दास कक्षा पांचवी को बेस्ट डांसर से सम्मानित किया गया व बेस्ट खिलाड़ी सुमित पटेल को शील्ड से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार समस्त अतिथियों को भी शील्ड से सम्मानित किया गया एवं स्कूल स्टाफ प्राचार्य भगवती जगत को बेस्ट स्कूल संचालन एवं नंदनी प्रधान बेस्ट टीचर व गीतांजलि तिवारी को सम्मानित किया गया। बेस्ट खेल प्रभारी उषा बीसी को सम्मानित किया गया। एचके भोई ने कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य निर्माण में शिक्षकों के साथ माताओं का भी महत्वपूर्ण स्थान है। मां ही बच्चों के लिए प्रथम गुरु है। मां अपने बच्चों के प्रति सजग रहें तो बच्चों का भविष्य बेहतर और उज्ज्वल होगा। सभी बच्चे अपने गुरु और माता पिता का सम्मान करें और उनके बताए मार्ग पर चलें तो सफलता जरूर मिलेगी। इस अवसर पर किड्स एजुकेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल बंसुला में उपस्थित हसीना बेगम, भारती चौहान, हेमा साव, दीपिका साव, दुर्गेंद्र जगत, पप्पू चौहान, जोगेंद्र जगत आदि रहे।

### पेज 09 का शेष

व्यापारियों के लिए दुकान निर्माण कार्य (पुरानी पानी टंकी, कांजीहाउस में)-300.00, ईमली भांठा मुक्तिधाम उन्नयन कार्य-25.00 लाख में, नयापारा मुक्तिधाम उन्नयन कार्य-25.00, नयापारा में मल्टी जीम व भवन निर्माण कार्य-50.00 लाख में, वार्ड क्रमांक 24 में स्थित तालाब में गहरीकरण सौंदरीकरण व महिला घाट सहित दशकर्म कार्य हेतु शेड निर्माण कार्य-70.00, 02 स्थानों पर मल्टी लेवल सिटी पार्किंग- 200.00, धवा तालाब सौदर्यीकरण कार्य-200.00, सभी तालाबों का सफाई एवं सौदीकरण कार्य-200.00, जगत विहार कालोनी में ओपन जिम निर्माण कार्य-10.00, शहर के विभिन्न स्थानों में दुकान, कांप्लेक्स का निर्माण-100.00, शहर के युवा छात्र-छात्राओं हेतु ई लायब्रेरी निर्माण 100.00, 03 स्थानों में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापना कार्य-725.04, 02 स्थानों पर चौक निर्माण कार्य-50.00, ईमली भाठा बांध के शहरी क्षेत्रों में सौंदर्यीकरण / गहरीकरण कार्य-100.00, थोक सब्जी बाजार निर्माण कार्य एवं भूमि मांग-100.00, शहर में स्थित सभी छोड़ी बडी नालियों में कवर्ड करने बाबत-100.00, गुलशन चौक से लेकर श्रीराम वाटिका गेट तक डामरीकरण कार्य-20.00, पाल पानी फैक्ट्री से चंचल दुबे घर तक सीसी रोड निर्माण-20.00, अहिवार घर से पंकज शर्मा घर तक टाप निर्माण-20.00, शीतला तालाब सौंदर्याकरण एवं पचरी, घाट निर्माण-55.00, शहर में सीसीटीवी फुटेज सभी सार्वजनिक स्थानों पर, शहर के 08 चौक चौराहे में हाई मास्क लाईट-50.00, ट्रांसपोर्ट नगर निर्माण हेतु-1000.00, श्रीराम वाटिका में आरसीसी नाली व डामरीकरण कार्य-150.00, कुमार दिलीप सिंह जूदेव जी चौक में मूर्ति स्थापना-15.00, माता कर्मा की मूर्ति स्थापना-10.00। कुल- 14263.33 लाख में।

### अन्नप्राशन संस्कार में शामिल हुए विधायक



बसना। ग्राम सुरंगीपाली निवासी सुरेंद्र बांक पुष्पांजली बांक के गृह निवास में अन्नप्राशन संस्कार में विधायक डॉ संपत अग्रवाल शामिल हुए तथा नन्हे शिशु को गोद में उठा कर प्यार दुलार देते हुए पूरे परिवार की खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने अन्नप्राशन संस्कार के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में शामिल होकर श्रीमद्भागवत महापुराण का पूजन कर कथावाचिका प्राप्ति आचार्य का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किए। अन्नप्राशन शब्द संस्कृत का शब्द है, जिसका अर्थ होता है अनाज का सेवन शुरू करना। इस दिन शिशु के माता-पिता पूरे विधि-विधान के साथ बच्चे को पहली बार अन्न खिलाते हैं। जब शिशु के दांत निकलने लगे, मानना चाहिए कि प्रकृति ने उसे ठोस आहार, अन्नाहार करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। बच्चे के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए अन्नप्राशन संस्कार करना जरूरी माना गया है। इस अवसर पर दिव्य बारीक, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र त्रिपाठी, भाजपा नेता नरेंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष माधव साव, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, लखेश्वर बांक, गुरो बांक, परिवारजन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### दवा पिला कर किया अभियान का शुभारंभ

**सरायपाली।** नगर के मुख्य मार्ग में स्थित सिटी डिस्पेंसरी में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र कुमार पटेल द्वारा वंश अग्रवाल पिता प्रांजल अग्रवाल 3 वर्ष तथा पार्षद गुंजन अग्रवाल द्वारा अंश अग्रवाल पिता प्रांजल अग्रवाल उम्र 10 माह को पल्स पोलियो का दो-दो बूंद अपने हाथ से पिलाकर किया गया। कार्यक्रम में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ विजय आनंद कोसरिया, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक शीतल सिंह, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक अनुपा दास, शकुंतला कलेत, डोलचंद पटेल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नीलिमा भोई, मितानिन नोनी बाई इत्यादि उपस्थित रहे।



### छात्र के जन्म दिन पर कराया नेवता भोज

**बिरकोनी।** शासकीय नवीन कन्या पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला बिरकोनी में नेवता भोज का आयोजन किया गया। कक्षा सातवीं की छात्रा वैष्णवी साहू पिता रोहित कुमार साहू के जन्मदिन के अवसर पर उनकी माता मनीता साहू द्वारा स्कूल के समस्त छात्र-छात्राओं व साला परिवार को खीर पुरी से नेवता भोज कराया। सभी को खीर पूरी वितरण किया गया। सरस्वती वंदना के बाद पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम में प्रधान पाठक चैन कुमारी साहू, शैल सोनवानी, मंजू साहू, द्रौपदी दीवान, योगेश्वर गिरी, मुकेश प्रजापति, मेघा ध्रुव, धनेश्वरी प्रजापति उपस्थित रहे। रसोइया संतोषी ध्रुवंशी, कुमारी निषाद, जानकी ध्रुवंशी एवं मनीता साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### अग्निवीर भर्ती के लिए कोमाखान में कैंप 9 को

**बागबाहरा।** स्थानीय विद्यालय में 6 मार्च को 1 बजे से 4 बजे तक अग्निवीर भर्ती द्वारा सेना में रोजगार उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से शारीरिक नापजोख और पंजीयन कार्य किया जाएगा। जिसमें विद्यालयीन और गैर विद्यालयीन छात्र, बेरोजगार युवा इच्छुक प्रतिभागी अपने सभी शैक्षणिक योग्यता के साथ जिसमें 10वी पास होना अनिवार्य है के साथ आयु कम से कम 17 वर्ष 6 माह और अधिकतम 21 वर्ष है वे अपनी उपस्थिति देकर शिविर का लाभ ले सकते हैं। कोमाखान के अलावा नर्रा, कसेकेरा, बिंद्रावन, अमेरा, उखरा सुवरमार, देवरी, टेमरी, परसुली खैरट खुर्द आदि गांवों क्षेत्रों से भी प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। उक्त शिविर के लिए विकासखंड नोडल अधिकारी हिरेंद्र देवांगन, समन्वयक गेंदलाल यादव, अनिल पटेल, व्यायाम शिक्षक कामता साहू, रोशनी ध्रुव के अलावा विद्यालय के शिक्षक रहेंगे। प्राचार्य कोमाखान हीरासिंग नायक ने क्षेत्र के सभी युवाओं, छात्र-छात्राओं से शिविर का लाभ लेने अपील की है।

# रामनवमीं, हनुमान व शनि जन्मोत्सव की तैयारी को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के कचहरी चौक स्थित सिद्ध संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति की आवश्यक बैठक रविवार को मंदिर परिसर में संपन्न हुई। प्रतिवर्ष अनुसार रामनवमी व हनुमान जन्मोत्सव व शनि जन्मोत्सव मनाए जाने के लिए रूपरेखा तैयार की गई।

इस वर्ष मंदिर समिति द्वारा 16वें वर्ष यह आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए मंदिर समिति के भरत सिंह ठाकुर अधिवक्ता ने बताया कि रामनवमी 17 अप्रैल को मनाया जाएगा। जिसमें प्रातः 09 बजे हवन पूजन आरती, 12 बजे रामजन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर आतिशबाजी की जाएगी पश्चात श्रीराम की आरती पश्चात पंजरी प्रसाद वितरण किया जाएगा। संध्या 07 बजे से 08 बजे तक भारत वर्ष ही नही अपितु पूरे विश्व में एक ही तिथि व एक ही समय पर हनुमान चालीसा का सवा करोड़ जाप का आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति द्वारा इस वर्ष 17 अप्रैल को 16 वें वर्ष 16वें अनुष्ठान के रूप में हनुमान चालीसा का सामूहिक महापाठ का आयोजन रखा जाएगा। पश्चात महाआरती व प्रसाद वितरण किया जाएगा। हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर 23 अप्रैल को प्रातः 08 बजे ध्वज पूजन ध्वजारोहण हवन पूजन आरती प्रसाद वितरण 12 बजे से मंदिर परिसर में आम भंडारा का आयोजन मंदिर समिति



के सौरभ बाफना द्वारा किया जाएगा। संध्या 08 बजे हनुमान की सवा लाख बाती की महाआरती व प्रसाद वितरण किया जाएगा। शनि जन्मोत्सव के पावन पर 6 जून को प्रातः 08 बजे ध्वज पूजन हवन पूजन आरती पश्चात खिचड़ी प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### बैठक में यह रहे उपस्थित

बैठक में सुशील चंद्राकर, चंद्रशेखर साहू, भूपेंद्र चंद्राकर, भरत सिंह ठाकुर, सत्यनारायण तिवारी, अनूप उपासे, संजय साहू, कुलवंत सिंह उर्फ बंटी, गंगाधर पदमवार, सुरेंद्र स्वामी, जगमोहन चंद्राकर, बद्रीनारायण माहेश्वरी, जितेंद्र इदीकर, धरम भार्गव, प्रशांत श्रीवास्तव, धीरेंद्र लोनारे, अजय साहू, हेमंत साहू, घनश्याम सोनी, मदन कुंदन महराज सहित हनुमान मंदिर समित के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## उत्साह : समाजजनों ने फलों से तौला, जगह-जगह हुआ स्वागत कार्यक्रम

# रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर के प्रथम नगर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा के निर्वाचित होकर प्रथम पिथौरा नगर आगमन पर उनका नगरवासी पिथौरा एवं समस्त समाजजनों ने भव्य स्वागत किया। पिथौरा आगमन पर सर्वप्रथम कृषि उपज मंडी के सामने कलार समाज के सीताराम सिन्हा, प्रमिला पुनीत सिन्हा के नेतृत्व में समाजजनों ने फल से तौला। तत्पश्चात नगर के प्रमुख बार चौक में प्रियांशु दीक्षित व गोविंद शर्मा के नेतृत्व में आतिशबाजी के साथ केला फल से तौल कर स्वागत किया गया। स्वागत की कड़ी में ब्राह्मण धर्मशाला के सामने समाज के अध्यक्ष कांशीराम भकलु शर्मा, पीसी सामंत राय के नेतृत्व में पंडितों के मंत्रोच्चार के साथ धान से तौला। अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के अध्यक्ष उमेश दीक्षित के नेतृत्व में कर्मचारी संघठन, सचिव संघ ने बड़ी माला से स्वागत किया। ततपश्चात उपस्थित जनसमुदाय एवं समस्त





समाजजनों ने पुष्प मालाओं व प्रतीक चिन्हों से स्वागत किया।

सभा को संबोधित करते हुए पुरंदर मिश्रा ने कहा कि मैं रायपुर उत्तर विधानसभा से निर्वाचित होकर प्रथम बार अपने जन्म स्थली और अपनों के बीच उपस्थित हुआ हूं और आत्मीय स्वागत से अत्यंत अभिभूत हूं। यह पिथौरा बसना क्षेत्र में विगत 30 वर्षों से मेरी कर्मस्थली रही है। मैं क्षेत्र के जनता के दुख दर्द में सदैव सम्मिलित रहा हूं। जनता के सभी कार्यो व क्षेत्र के विकास करने के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। मैं पिथौरा बसना की मेरी जन्मभूमि को प्रणाम करते हुए आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं कि आप सभी के सहयोग व आशीर्वाद से मैं विधानसभा तक पहुंचा। मैं रायपुर विधायक हूं तो क्या हुआ अपने घर परिवार को कोई कभी नहीं भूलता। पिथौरा, बसना क्षेत्र मेरा घर है, यहां के सभी लोग मेरे भाई बहन परिवार के सदस्य है। कार्यक्रम में संचालन अधिवक्ता टिकेंद्र प्रधान व आभार प्रदर्शन पीसी त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में पूर्व नगर पंचायत पिथौरा के अध्यक्ष देवेश निषाद, अनंत सिंह वर्मा, राधे लाल साहू किशनपुर, सीताराम सिन्हा, प्यारेलाल कोसरिया, हरजिंदर सिंह पप्पू, आशीष शर्मा, वीरेंद्र तिवारी, ऋषिकेश शुक्ला,उमेश दीक्षित, आलोक त्रिपाठी, साहू समाज के अध्यक्ष मनोहर साहू, पुनीत सिन्हा, रोहणी देवांगन, डोलामणि साहू, द्वारिका पटेल, रैदास गोयल, सरपंच भिथिडीह शैलेंद्र शैलू डड़सेना, मुन्नी बाई, राजेश गोयल जित्तू, योगेंद्र सिंहा, ओम सिन्हा, आत्माराम गजेंद्र , राजेंद्र सिन्हा, पुरुषोत्तम घृतलहरे, किरण सिन्हा, नीता डड़सेना, पूजा डड़सेना, मुरली प्रधान, सुधीर प्रधान, सचिन प्रधान, थबिर साहू, रामु तिवारी, अंजलि पांडे, सचिन प्रधान, नंद कुमार साहू, हीरा साहू, यशवंत डड़सेना, मुरली साव, विनय गार्डिया, हरिहर यदु, राकेश दीक्षित, उमेश साहू, अमन अग्रवाल, मनराखन ठाकुर, पीएल मिश्रा, राजा शुक्ला, अभिनव शुक्ला, रवि तिवारी, राजेश ऐरन, संदीप अग्रवाल, राजेश मिश्रा, कनक तिवारी, कृष्णा शर्मा, मेवाराम दुबे, मयंक पांडे, श्याम नेताम , कृष्णा ध्रुव, घासीराम कमार, प्यारे लाल खड़िया, भागीरथी ध्रुव, लाल राम डड़सेना, परमेश्वर डड़सेना, लोक प्रकाश डड़सेना, लोकनाथ पटेल, आत्माराम डड़सेना, अंश राम डड़सेना, बिनोद सिन्हा, लेखराम साहू , तुलसी पटेल , हेमंत डड़सेना, अजय नायक, प्यारी लाल नायक, सरपंच निर्मल यादव, मयंक सुमीत दुबे, अरुण देवता, पीएल मिश्रा, पीसी सामंत राय, जयंत महापात्र, यूके दास, एमके दास, एनके दास, राजेंद्र पुरोहित, प्रदीप कर, राधेश्याम पंडा, अशोक चौधरी, सीताराम चौधरी सहित नगरवासी उपस्थित रहे।

## नारी शक्ति वंदन महिला मैराथन का आयोजन



**महासमुंद।** भाजपा महिला मोर्चा द्वारा नारी शक्ति वंदन महिला मैराथन का आयोजन किया गया। यह मैराथन 4 मार्च को सुबह 7 बजे से पुलिस कंट्रोल थाना से तहसील कार्यालय होते हुए मिनी स्टेडियम महासमुंद में समापन हुआ। जिसमें महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, महामंत्री गोपा साहू, मीना वर्मा, सुजाता विश्वनाथन, कौशल्या बंसल, शुभ्रा शर्मा, गिरिजा दास, लक्ष्मी साहू, अलका पुंज उपस्थित रहीं।

समाजिक संगठन, विभिन्न क्षेत्रों, विधाओं के महिलाओं, युवाओं, महिला नेत्रियों, महाविद्यालयीन छात्राओं, खिलाड़ियों ने दौड़ लगाई। खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे ने हरी झंडी दिखाकर धावकों को रवाना किया। जिसमें 240 महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन में खेल एवं युवा कल्याण विभाग, नगर पालिका, पुलिस विभाग का सहयोग रहा। मंच संचालन खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में टिकेश्वर साहू, अभिषेक अंबिलकर, उदय मंडल, सागर यादव का सहयोग रहा। आयोजन के परिणाम बालिका वर्ग में प्रथम स्थान विजेता जोशी, द्वितीय राधिका दीवान, तृतीय सुरेखा ध्रुव ने प्राप्त किया। महिला वर्ग में कमला पटेल प्रथम, सुलोचना यादव द्वितीय, पार्वती ध्रुव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उपस्थित अतिथियों ने प्रमाण पत्र, मोमेंटो देकर विजेताओं को सम्मानित किया।

# मोदी की गारंटी के विरोध में युवा कांग्रेसियों का पंचायत चलो, वार्ड चलो महाअभियान

## बागबाहरा के साप्ताहिक बाजार में रैली निकालकर पांपलेट बांटकर ग्रामीणों को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

मोदी की गारंटी (जुमला) के विरोध में युवा कांग्रेसियों द्वारा पंचायत चलो, वार्ड चलो महाअभियान चलाया गया।

खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, युवा कांग्रेस के प्रभारी डॉ पलक वर्मा, सह प्रभारी प्रियंका पटेल, प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा, लोकसभा प्रभारी विधि नामदेव एवं जिला महासमुंद प्रभारी एस खान के निर्देश पर जिलाध्यक्ष बादल मक्कड़ एवं युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष ताम्रध्वज के सयुक्त नेतृत्व में 3 फरवरी को युवा कांग्रेसियों द्वारा मुख्य मार्ग एवं बाजार में प्रदर्शन किया गया।

युवा कांग्रेस द्वारा बाजार में रैली निकालकर बाजार में आए हुए ग्रामीणों को पांपलेट का वितरण कर मोदी के किए हुए वादों और गारंटी को जुमला बताकर जागरूक किया गया।

इस दौरान युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष लोकेश उइके, लखन बघेल, अमन चंद्राकर, जिला महासचिव लौकिक चंद्राकर, विधानसभा उपाध्यक्ष खोमेश साहू, राजा दुआ, महासचिव जागेश्वर ठाकुर, किशन भारद्वाज, घनश्याम निर्मलकर, वारिश चौहान, लल्ला भस्मे, कृष्णा यादव, राजा कोहली, खेमराज, मिथुन अमीर, पार्षद मंता यादव, लोकेश दीवान, सुरेश पटेल, तूफान दीवान, सुनील, बंटी, निमेष, सन्नी दुआ, राहुल यादव, सोनू सहिश, संतोष नाग, बाबा वैष्णव, शिव शंकर साहू, दुर्गेश यादव, मुन्ना सोनवानी, शिव बघेल, अरबाज खान, निखिल चंद्राकर, मनीष ठाकुर, राहुल नायक, रितेश निर्मालकर, योगेश साहू, बजरंगी यादव आदि मौजूद रहे।

## रूपकुमारी को टिकट मिलने की खुशी में सरपंच भामिनी पंचों समेत पहुंची भूतेश्वरनाथ के दरबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा जिला कार्यकारिणी की सदस्य एवं ग्राम पंचायत बेलसोंडा की सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर ने भाजपा की जिलाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी को महासमुंद लोकसभा की टिकट मिलने पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनकी भारी मतों से विजयी होने की प्रार्थना करने के लिए अपने पंचों समेत भूतेश्वरनाथ महादेव दर्शन करने पहुंची। श्रीमती चंद्राकर ने बताया कि उनकी भूतेश्वरनाथ भगवान की दर्शन करने की बहुत दिनों से इच्छा थी लेकिन अब भाजपा से रूपकुमारी चौधरी को टिकट मिलने की खुशी में यह इच्छा पूरी हो गई। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा तथा विधानसभा में महिलाओं को आरक्षण के दूरगामी परिणाम को देखते हुए ही उचित फैसला लिया था, जिसे पूरा करने में श्रीमती चौधरी कोई कसर नही छोड़ेंगी। श्रीमती चौधरी के सांसद बनने से क्षेत्र का विकास और भी तेज गति से



होगा तथा हम महिलाओं को भी महिला सांसद मिलने से एक नई ऊर्जा प्राप्त होगी, जिससे संपूर्ण समाज के साथ साथ पूरे देश में महिला शक्ति का एक नई शक्ति ज्योति के रूप मे प्रज्ज्वलित होती रहेगी। श्रीमती चंद्राकर के साथ महिला पंच त्रिवेणी चंद्राकर, ईशा धीवर, हेमा साहू, भारती ध्रुव, सक्रिय पंच प्रकाश साहू तथा बलराम चंद्राकर दर्शन के लिए थे।

### एनएसएस हमें अनुशासित जीवन की कला सिखाती है: सालिकराम

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय से आठ किलोमीटर दूर स्थित ग्राम लाफिनखुर्द में शासकीय पॉलिटेक्निक बरोंडाबाजार (महासमुंद) के छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत 29 फरवरी से 5 मार्च तक सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रतिदिन ग्राम के सार्वजनिक स्थलों में स्वच्छता, दीवाल मे नारे लेखन कर, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, ग्राम में एकता, विकास व संगठन सहित अनेक मुद्दों पर रचनात्मक कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता व स्वास्थ्य जागरुकता, मोबाइल के दुष्प्रभाव, नाटक गीत व नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किए। षष्टम दिवस शासकीय जिला चिकित्सालय महासमुंद के डाक्टरों तथा ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक द्वारा ग्रामीणों का ब्लड प्रेशर, शुगर ,हीमोग्लोबिन व स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी सालिक राम ढीमर ने कहा कि जीवन में अनुशासन का विशेष महत्व है। एनएसएस हमें अनुशासित जीवन की कला सिखाती है। वही सहयोगी प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत कराल, वैभव वर्मा, हेमंत कुमार महोबिया व अन्य शिक्षकों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। शिविर के आयोजन संयोजन मे समस्त ग्रामवासियों की अहम भूमिका रही। इस अवसर पर ग्रामीण अध्यक्ष जितेंद्र टंडन, उपाध्यक्ष शिव निषाद, ग्राम साहू समाज के अध्यक्ष तेजराम साहू, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष संतोष साहू, वरिष्ठ संतोष कुमार साहू, ग्राम सचिव चंदन साहू, युवराज साहू, पूर्व सरपंच सुंदर साहू, हेमलाल वास, शिक्षक गोवर्धन साहू, सशिमं के प्रधानाचार्य वीरेंद्र ध्रुव, रासेयो के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# सतनामी समाज झलप परिक्षेत्र के अध्यक्ष चुने गए भागीरथी

## आर्थिक, शैक्षणिक, सामाजिक स्थिति के आंकलन कर समाज विकास की योजना बनाने का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज महासमुंद ब्लॉक पदाधिकारियों की नेतृत्व में दिनेश बंजारे प्रदेशाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ के मुख्य आतिथ्य व जिलाध्यक्ष विजय बंजारे की अध्यक्षता में झलप परिक्षेत्र के टुरिडीह, छिलपावन, छिंदौली, सिंधौरी, बावनकेरा, रामडबरी, बंबूरडीह, कछारडीह, लखनपुर, गोंगल, पाटनदादर, माधोपुर, सिंघुपाली, झलप के समाजजनों की उपस्थिति बैठक आयोजित कर अठगंवा कमेटी की गठन की उद्देश्य महत्व के साथ संस्था के नियमवाली व शिक्षा रोजगार सतनाम संस्कृति के लिए किए जा रहे कार्यों को विस्तृत रूप से जिला सचिव रेखराज बघेल ने अवगत कराया।

जिलाध्यक्ष विजय बंजारे ने समाज को सही दिशा देने के लिए अच्छे विचार व चरित्रवान ईमानदार लोगों को सामाजिक कार्यों में आगे आने के लिए आह्वान किया। दिनेश बंजारे ने समाज में फैले कुप्रथाओं, नशापान, को खत्म करने व सतनाम संस्कृति की प्रचार के साथ ही अठगंवा कमेटी के माध्यम से प्रत्येक गांव के समाजजनों की शिक्षा रोजगार कृषि मजदूरों की वास्तविक स्थिति जानने सामाजिक सर्वे कराकर भविष्य में सामाजिक विकास के लिए काम करने की बात कही। जिला उपाध्यक्ष खोशिल गेंड्रे, शिक्षा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राजेश रात्रे, जिला कार्यकारिणी सदस्य डॉ विजय चतुर्वेदी, महासमुंद नगर अध्यक्ष योगेश मधुकर, फनेंद्र बंजारे, शत्रुघ्न चेलक ने भी विचार व्यक्त किया।

बैठक में सर्वसम्मति से झलप परिछेत्र



अठगवा की गठन करने की सहमति देते हुए झलप निवासी वरिष्ठ समाजसेवी भागीरथी मारकंडेय को अध्यक्ष व सेवानिवृत्त शिक्षक जीपी टंडन को सरंक्षक मनोनीत किया गया। साथ शत्रुहन चेलक बंबूरडीह, सेवक बंजारे छिलपावन, गणेश कुर्रे छिदौली, देवेंद्र कोसरिया टूरिडीह को उपाध्यक्ष व सचिंव भीम जांगडे कोलपद्दर, सहसचिव पुरण मारकंडे ,कोषाध्यक्ष किसन कोसरिया झलप, मीडिया प्रभारी पोतदार सोनवानी, प्रवक्ता टिकेलाल भारद्वाज, कार्यकारिणी सदस्य धर्मेंद्र मनहरे झलप, प्रमोद बाघमारे टूरिडीह, भीम सोनवानी छिंदौली, पवन जांगडे सिंधोरी, डोगेश टंडन बावनकेरा, संतराम गेंड्रे रामाडबरी, तुकाराम कोसरे बंबूरडीह, हरिराम पटेला गोंगल, सुखराम बरामते पाटनदादर का मनोनयन किया गया। बैठक का संचालन गणेश टंडन ब्लाक सचिव व आभारप्रदर्शन किसन कोसरिया सरपंच झलप ने किया। बैठक में तेजराम चौलिक जिला सचिव यूथ, ब्लॉक अध्यक्ष चित्रकुमार भारती, तुलस घृतलहरे, उपाध्यक्ष रामसिंग सोनवानी, फनेंद्र बंजारे, योगेशमधुकर ब्लाक पदाधिकारी गणों का सहयोग प्राप्त हुआ। बैठक में लक्ष्मन रात्रे, गोवर्धन बांधे राकेश जांगडे, घनश्याम भारती, कृष्ण कन्हैया भारती, मुरली बांधे, गजेंद्र सोनवानी, सुखचंद सोनवानी, वीरेंद्र पात्रे अमृत जांगड़े, विनय टंडन, राधेश्याम, मनबोधि लहरे, ओंकार हरि, नंदकुमार मदनलाल सोनवानी, होरीलाल घृतलहरे, बलदेवदास, भरतलाल, देवेंद्र कोसरिया आदि मौजूद रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
09 मई से 22 मई 2024, 13 मई से 26 मई 2024, 17 मई से 30 मई 2024, 24 मई से 06 जून 2024
28 मई से 10 जून 2024, 01 जून से 14 जून 2024
राशि-स्लीपर 18500/- 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411